तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 अकोली, सेमरिया, पौंसरी भीखमपुर, चमारी में ...





10 निकाय-पंचायत चुनाव में अवैध मदिरा और मादक..




## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने घर में लगाई फांसी

**बालोद।** गुरूर नगर के वार्ड नंबर 6 में एक 55 साल के अधेड़ ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बुधवार को शाम 4 बजे की बताई जा रही है। गुरूवार को पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार गुरुर के रहने वाले 55 साल के पुरषोत्तम ठाकुर अपने घर के बंद कमरे में फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था, तभी घर के कमरे से आवाज आने पर परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसे और फंदे पर लटके पुरषोत्तम को अस्पताल ले गए।

### कबड्डी प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** जय बजरंग कबड्डी समिति और बगदई के ग्रामवासियों ने 8 फरवरी को राज्यस्तरीय एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष तामेश्वर सिवना ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 5 हजार एक रुपए और चतुर्थ पुरस्कार में 3 हजार एक 1 रुपए रखा गया है।

### तिरखैरी में मड़ई मेले का आयोजन

**अंडा।** तिरखैली अर्जुन्दा में ग्रामीणों के तत्वावधान में 8 जनवरी दिन शनिवार को मड़ई मेले का आयोजन रखा गया है। मामले में गांव के राजेश साहू और एन के साहू ने बताया कि मंड़ाई मेला के शुभ अवसर पर रात 10 बजे जय छ.ग. महतारी नाचा पार्टी मंदलोर (चंपारणधाम) का भी आयोजन रखा गया है। आस पास के ग्रामीण जनों को भी उन्होंने आमंत्रित किया है।

### दो दिवसीय सस्वर मानसगान आज से

**अंडा।** मां शीतला मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी खप्परवाड़ा के तत्वावधान में दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता 8 एवं 9 फरवरी को आयोजित की गई है। पुरुष वर्ग पुरस्कार व शुल्क 151 रुपए प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2501 रुपए, तृतीय 2001 रुपए, चतुर्थ 1501, पंचम पुरस्कार 1001, षष्ढम पुरस्कार 601 रुपए दिया जाएगा। इसी तरह महिला वर्ग व प्रवेश शुल्क 101, प्रथम पुरस्कार 2501 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1001, चतुर्थ पुरस्कार 601 रुपए और सभी मंडली को आयोजक समिति द्वारा फोटो फ्रेम दिया जाएगा। ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि इसी तारीख पर ग्राम सकरौद, अर्जुनी भरदा, डंगनिया, देवरी ख, नाहंदा, तमोरा में रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है।

### शिशु की अदला-बदली छह का लिया ब्लड सैंपल

**दुर्ग।** जिला अस्पताल में बच्चो के अदला-बदली मामले में प्रशासन द्वारा गठित कमेटी की निगरानी में दोनो परिजनों के मां-बाप और दोनो बच्चों का ब्लड सैंपल लिया गया हैं। डीएनए टेस्ट कराने लिए गए सैंपल को जांच के लिए स्टेट फारेसिंक साइंस लेबोरेटरी रायपुर भेजा गया हैं। अस्पताल प्रशासन की माने तो सप्ताहभर के अंदर रिपोर्ट आ जाएगी।

**कार्रवाई:** नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव मतदान से पहले मध्यप्रदेश से आ रही शराब की खेप पकड़ाई

# सवा दो करोड़ की अवैध शराब और तीन कंटेनर दो दिन में जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरुवार देर रात और शुक्रवार दिन में दो कंटेनर में मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा आबकारी विभाग ने पकड़ा है। रात में पकड़े गई कंटेनर में 770 पेटी और वहीं दूसरे कंटेनर में 750 पेटी शराब से भरी हुई थी। एक दिन पहले बेरला में पुलिस ने 450 पेटी शराब के साथ वाहन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। दो दिन की कार्रवाई में जब्त अवैध शराब और वाहनों की कीमत सवा दो करोड़ बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टीम गुरुवार- शुक्रवार की मध्यरात्रि 2:30 बजे के आसपास कंटेनर में रखी शराब पेटियों को जब्त करने में लगा था। उक्त कारवाई नहीं किए जाने का राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा था। इस बात की भनक जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित विश्वकर्मा तक पहुंची। उन्होंने पूरे घटनाक्रम के दौरान चश्मदीद गवाह की तरह लग रहे और इस कारवाई की जानकारी मीडिया को दी। रात में ही पत्रकार कोतवाली में पहुंच गए। इसके पश्चात आबकारी की टीम ने कोतवाली में खड़े कंटेनर का लॉक तोड़कर शराब की पेटी को निकालकर गिनती के साथ-साथ अन्य कार्रवाई की।कंटेनर के ड्राइवर सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ में जुटी रही।

**2000 पेटी शराब तीन कंटेनर में आबकारी एवं पुलिस विभाग ने किया बरामद**



### आचार संहिता में दूसरे राज्य की शराब जिले में ?

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में इन दिनों नगरीय निकाय के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का कार्यक्रम भी जारी है। नगरीय निकाय के लिए मतदान में महज गिनती के दिन शेष रह गए हैं किंतु इस बीच जिस तरह से आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त कार्रवाई में पिछले दो दिनों में अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई है। इससे आचार संहिता में स्थानीय प्रशासन एवं आबकारी विभाग के ऊपर एक बड़ा सवालिया निशान अवश्य ही लग रहा है। आखिर इतनी बड़ी मात्रा में शराब का परिवहन बेमेतरा जिले के भीतर कैसे हो रहा है? कब से किया जा रहा ? और यदि परिवहन लगातार जारी है तो अब तक समुचित कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इस तरह के अनेकों सवाल निश्चित रूप से आमजन के मानस में उठ रहे हैं।



### कार्रवाई को लेकर भी विरोधाभास

कार्रवाई को लेकर बताया जा रहा है पहले दिन के बाद दूसरे दिन रात्रि में 2:30 बजे 770 पेटी से भरे हुए कंटेनर को आबकारी विभाग ने सूचना पर जब्त किया। कार्रवाई पूरी हो ही नहीं पाई थी कि एक दूसरी कंटेनर को चेक किया गया तो उसमें 750 पेटी शराब मिली। दूसरे कंटेनर को आबकारी विभाग द्वारा जिले में कार्रवाई न कर फ्लाइंग स्क्वायड की कार्रवाई करने की बातें कहीं जा रही हैं। हालांकि यह कंटेनर भी बेमेतरा जिले के भीतर ही रायपुर रोड पर ढाबे में खड़ा होना बताया जा रहा है। कार्रवाई को लेकर स्पष्ट नहीं बताने पर विरोधाभास की भी चर्चा होती रही।

### अफवाहों का बाजार गर्म

बेमेतरा जिले में बड़ी मात्रा में अवैध शराब वह भी मध्यप्रदेश से लाकर खपाई जा रही है जिसे लेकर आज पूरे दिन राजनीतिक दलों तथा आम जनता में चर्चा का विषय रहा। चर्चा होती रही कि आखिर इतनी बड़ी तादाद में शराब कहां और किसके लिए ले जाई जा रही थी। आबकारी और पुलिस विभाग वाहन चालकों से पूछताछ करने के साथ-साथ मोबाइल के कॉल डिटेल्स भी खंगालने की बात कह रहे हैं। मामले को लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चा का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि कहीं चुनाव में खपाने के लिए यह शराब तो नहीं लाई जा रही थी।

### बारीकी से की जा रही जांच:आबकारी अधिकारी

इस पूरे मामले में जब सहायक आबकारी अधिकारी नितिन खंडूजा से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है। वाहन चालक के मोबाइल जब्त कर कॉल डिटेल्स को भी खंगाला जा रहा है। ताकि मुख्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

# शतप्रतिशत मतदान कराने स्वच्छता दीदियों की रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनज़र जिला प्रशासन मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए लगातार रैलियों का आयोजन कर रहा है। इसी बीच "जगाव वोटर" अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् में स्वच्छता दीदियों ने भी एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करना और आगामी 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।

- जगाव वोटर अभियान के तहत किया गया प्रचार

इस अभियान में स्वच्छता दीदियों ने भाग लेकर आम नागरिकों को यह संदेश दिया कि मतदान सिर्फ एक अधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उनका यह प्रयास था कि हर एक मतदाता अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित हो और अपने क्षेत्र के विकास में भागीदार बने। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वो निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करें। उन्होंने कहा, लोकतंत्र की सशक्त नींव तभी बन सकती है, जब हम सभी मिलकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। शत-प्रतिशत मतदान ही स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। कलेक्टर ने जिले में जागरूकता फैलाने के लिए कई रैलियों और कार्यक्रमों का आयोजन करने की बात कही, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान में भाग ले सकें।

जिला प्रशासन के प्रयासों में रैलियों के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों से जनजागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, बैनर, और स्थानीय मीडिया का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर भी इस अभियान को बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है, ताकि विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया जा सके। प्रदेश में 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनावों के लिए जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि इस बार बेमेतरा जिले में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो और लोग बिना किसी दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम की हुई कमिशनिंग व सीलिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत मतदान प्रक्रिया के लिए उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों ईवीएम की कमीशनिंग और सीलिंग का कार्य 7 फरवरी को किया गया। यह कार्य जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में सुबह 9 बजे से शुरू किया गया, जिसमें निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

- डेढ़ सौ से अधिक प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारी कार्य में लगे
- कलेक्टर ने कार्य में लगे लोगों का उत्साहवर्धन किया

इस कमिशनिंग प्रक्रिया के दौरान मतदान यूनिट , नियंत्रण यूनिट और वीवीपैट मशीनों की जांच, बैलेट पेपर की व्यवस्था, मशीनों की सीलिंग और मॉक पोल का परीक्षण किया गया। पूरी प्रक्रिया राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की जा रही है, जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निर्वाचन की तैयारी सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं ईवीएम कमिशनिंग कार्य में भाग लेकर अधिकारी-कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी नगर पंचायतों और नगर पालिका परिषद क्षेत्रों के लिए ईवीएम कमिशनिंग की स्थिति का जायजा लिया। कुल 9 नगर पंचायत और 1 नगर पालिका परिषद के लिए कमिशनिंग कार्य चल रहा है। कमिशनिंग प्रक्रिया में एक टेबल पर एक इंजीनियर, 10 आरओ रिटर्निंग ऑफिसर, 10 एआरओ असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर और 3 कर्मचारी मिलकर कार्य कर रहे हैं। कुल 22 टेबलों पर 110 कर्मचारी कमिशनिंग कार्य कर रहे हैं, जिनका सहयोग 10 मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत बीयू में बैलेट पेपर लगाए गए और पिंक पेपर से मशीनों को सील किया गया।

### दायित्वों का सजगता व गंभीरता से करें निर्वाहन

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का सजगता और गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने मशीनों की कमिशनिंग के दौरान विशेष रूप से ईवीएम मशीनों में अभ्यर्थियों के प्रतीक चिन्ह और नाम के साथ पर्चियों को सही ढंग से संलग्न करने। मशीन में टैग लगाने, मॉक पोल करने, वीवीपैट को सावधानीपूर्वक सील करने और बैटरी समेत अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 11 को होगा नगरीय निकाय के लिए मतदान

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 11 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। इसके मद्देनजर ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम से लाने और ले जाने के लिए कोटवार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में ईवीएम सीलिंग दलों और सेक्टर अधिकारियों को पहले ही जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


### शिविर में 43 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बेमेतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परपोड़ी में बीएमओ डॉ अश्विनी कुमार वर्मा के निर्देश पर आंगनबाड़ी के सहयोग से बाल संदर्भ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आंगन बाड़ी के 43 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, परीक्षण के दौरान 18 बच्चे गंभीर रुप से कुपोषित एवं 25 बच्चे मध्यम कुपोषित पाए गए। शिविर में सभी बच्चों को आवश्यक दवाइयां और पोषण आहार दिया गया। वहीं गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी जिला चिकित्सालय बेमेतरा में ईलाज कराने की सलाह दी गई। इस शिविर में संस्था प्रभारी डॉ ऐश्वर्य कुमार साहू, डॉ गोदावरी साहू के साथ संस्था के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी केंद्र के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।


ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

## अंतिम अरदास



**सतपाल कौर भाटिया**
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतपाल कौर भाटिया धर्मपत्नि अमोलक सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 03 फरवरी 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 09 फरवरी 2025 को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा दयालबंद, बिलासपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

**कीर्तन एवं अंतिम अरदास**
**09 फरवरी 2025 सुबह 11:15 बजे से 01:30 बजे दोपहर**
**गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा दयालबंद, बिलासपुर (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)**

शोकाकुल परिवार :-अमोलक सिंह भाटिया (पति)
महेन्द्र सिंह भाटिया, गुरमित सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया), गुरविंदर सिंह भाटिया-सुमित कौर भाटिया (सुम्मी), तेजिंदर सिंह भाटिया (सोना)-रश्मित कौर भाटिया (रश्मि), दलजीत सिंह भाटिया (बबलू)-नीशु भाटिया, परमवीर सिंह भाटिया-जसलीन कौर भाटिया (पुत्र-पुत्रवधु)

**समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)**

नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।

J.J.Ad

## खबर संक्षेप



### नवा रायपुर प्रीमियर लीग बैडमिंटन स्पर्धा में दिखाया हुनर

**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग के अंतर्गत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में संचालनालय, मंत्रालय, निगम, बोर्ड और आयोग में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के आयोजकों द्वारा इंद्रावती भवन स्थित ऑडिटोरियम में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर विजेताओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, संयोजक कमल वर्मा, दिलदार मरावी, नंदलाल चौधरी, रामसागर कौशले, अविनाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव मनाया



**रायपुर।** रायपुर राज देवांगन कल्याण समाज की ओर से रविवार को इंद्रप्रस्थ रायपुरा में प्रदेश स्तरीय परमेश्वरी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंडबाजा एवं आतिशबाजी के साथ धूम-धाम से कलश यात्रा लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ सामूहिक विवाह के लिये आये हुए दूल्हे की बारात साथ में निकाली गई। विधिवत पूजा के बाद समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें छग के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी विजय आनंद देवांगन ने बताया, कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में समाज के लोग उपसस्थित हुए। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश देवांगन, नंदलाल देवांगन, गिरिश देवांगन, चोवाराम आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दयालूराम देवांगन, अनंद देवांगन, सुरेश देवांगन, राजेश, संतोष, बालकिशन, लता देवांगन, उर्मिला देवांगन, सीता देवांगन सहित महिला मंडल के सभी पदाधिकारी शामिल हुए।

### दीप्ति ठाकुर को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने दीप्ति ठाकुर को कला संकाय के अंतर्गत हिंदी में गजेन्द्र तिवारी का व्यंग्य साहित्य संवेदना और शिल्प विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यह शोध डॉ. अनुसूइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के निर्देशन में किया गया।

### भारत के गौरव और गरिमा की समझ ही सच्ची देशभक्ति



रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 'दैनिक जीवन में देशभक्ति' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संयोजिका महिला समन्वय एवं केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य राष्ट्र सेविका समिति सुश्री भाग्यश्री साठये ने कहा कि, भारत ज्ञान का प्रतीक है। भारत की ज्ञान परम्परा अत्यंत वैभवशाली है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। युवा भारत की इस ज्ञान परंपरा को समझें। भारत के गौरव को जानना ही सच्ची देशभक्ति है। उन्होंने दैनिक जीवन में सकारात्मक लोक कल्याण एवं जन जागरूकता के कार्यों को करने की बात कही। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के ज्ञान का विस्तार करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशप्रेम केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए।

# बिकेंगे एक लाख से ज्यादा एसी, पांच लाख कूलर, गर्मी के सीजन में होगा 600 करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी का आगाज इस बार तो जनवरी से ही हो गया है। बीते माह से प्रदेशभर में एसी और कूलर बिकने लगे हैं। एयर कंडीशनर यानी एसी भी अब खास से आम होता जा रहा है। एक समय था, जब इसकी डिमांड बड़े शहरों और अमीरों के घरों के लिए होती थी, लेकिन अब एसी की डिमांड बड़े शहरों से हटकर गांवों और छोटे शहरों तक भी हो गई है। अब मध्यवर्ग के घरों में भी एसी एक से ज्यादा लग रहे हैं। इस गर्मी के सीजन में एक लाख से ज्यादा एसी और पांच लाख से ज्यादा कूलर बिकने का अनुमान है। ऐसे में दोनों को मिलाकर करीब 600 करोड़ का कारोबार हो जाएगा। यह बीते साल से करीब सौ करोड़ ज्यादा होगा। इसी के साथ दो साल पहले से करीब दो सौ करोड़ ज्यादा होगा। बीते दो साल से हर साल 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा रहा है। इस बार भी करीब इतने कारोबार का इजाफा होने का अनुमान है। अगर गर्मी के तेवर और ज्यादा रहे तो कारोबार में 40 फीसदी तक भी इजाफा संभव है।

कारोबारियों के लिए गर्मी का सीजन सबसे खास होता है। इस सीजन में ही सालभर के व्यापार का 40 फीसदी से ज्यादा कारोबार हो जाता है। इस सीजन के लिए कारोबारी खास तैयारी भी करते हैं। एसी, कूलर के स्टॉक का आर्डर दिसंबर में ही दे दिया जाता है। इसके बाद जनवरी से स्टॉक आने भी लग जाता है। आमतौर पर मार्च के बाद ही गर्मी अपने तेवर दिखती है।

## बीते दो साल से हर वर्ष 20 से 25 फीसदी तक कारोबार में हो रहा इजाफा

### 300 करोड़ के बिकेंगे एसी

*एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 20 हजार से एक लाख तक में आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन साल से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आसपास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आसपास एसी बिके, वहीं बीते साल 80 हजार बिके हैं। इस साल एक लाख से ज्यादा एसी बिकने का अनुमान है। कम और ज्यादा कीमत को देखते हुए एक एसी की औसत कीमत अगर 30 हजार मान लें तो इस सीजन में तीन सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हो जाएगा। इस बार तो कीमत एक से दो हजार तक बढ़ी भी है।*

### कूलर की डिमांड भी तेज

*गर्मी के सीजन में सबसे बड़ा कारोबार कूलर का होता है। कूलरों की बिक्री भी इस बार जनवरी से लगातार हो रही है। आमतौर पर एक सीजन में तीन लाख तक कूलर बिकते हैं। इनकी डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। 2023 में जहां साढ़े तीन लाख कूलर बिके थे, वहीं बीते साल चार लाख कूलर बिके हैं। इस बार पांच लाख से ज्यादा कूलर बिकने का अनुमान है। लोकल कूलरों में विंडो कूलरों की मांग ज्यादा रहती है। ये कूलर चार से आठ हजार के बीच मिलते हैं। आजकल तो दो हजार तक के छोटे कूलर भी आने लगे हैं।*

### बिकेंगे एक लाख एसी

*एसी की डिमांड लगातार हर साल बढ़ रही है। इस साल एक लाख एसी बिकने का अनुमान है। ऐसे में पूरे प्रदेश में तीन सौ करोड़ के कारोबार का अनुमान है।*

*- **मंशा मेघानी, संचालक,** ब्रांड वे इलेक्ट्रॉनिक्स रायपुर*

### 50 फीसदी का इजाफा संभव

*जिस तरह से जनवरी से ही गर्मी पड़ रही है, उसी अनुपात में गर्मी इस बार ज्यादा पड़ी तो एसी का कारोबार बीते साल से 40 फीसदी अधिक हो सकता है। ऐसे में सवा लाख के आसपास एसी बिक जाएंगे और कारोबार साढ़े तीन सौ करोड़ के पार हो जाएगा।*

*- **राजेश वासवानी,** संचालक, लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स*

## चुनाव से नाम हटाने जिला पंचायत कार्यालय में हर दिन कर्मचारियों की लग रही भीड़

# चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने कई तरह के बहाने, सिफारिश लेकर भी पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की ड्यूटी करना नहीं पड़े, इसके लिए कई कर्मचारी तरह-तरह का बहाना लेकर चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने के लिए जिला पंचायत कार्यालय पहुंच रहे हैं। इनमें महिला कर्मचारियों में कोई अपने छोटे बच्चों का बहाना, तो कोई शुगर, बीपी, कमजोरी सहित अन्य बीमारी का बहाना लेकर आवेदन दे रही हैं। पुरुष कर्मचारियों में भी शुगर-बीपी, लीवर की समस्या जैसी तरह-तरह की बीमारी के बहानों के साथ आवेदन कर रहे हैं।

इसके अलावा ऐसे भी कई कर्मचारी हैं, जो जुगाड़ और सिफारिश लेकर नाम हटाने के लिए पहुंच रहे हैं। इधर जिला पंचायत के अधिकारी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने करीब ढाई हजार आवेदन आ चुके हैं, जिनमें से करीब पांच सौ कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं। अधिकारी का यह भी कहना है कि जिन कर्मचारियों के नाम चुनाव ड्यूटी की लिस्ट से हटाए गए हैं, उनमें किसी के परिवार में सदस्य का विवाह-मृत्यु, गर्भवती महिला या गंभीर बीमारी वाले कर्मचारी शामिल हैं। कुछ ऐसी महिला कर्मचारियों के नाम भी हटाए गए हैं, जिनके बच्चे डेढ़ वर्ष से कम हैं।

### कई कर्मचारियों के आवेदन भी स्वीकृत

चुनाव ड्यूटी की लिस्ट से नाम हटाने के लिए कई कर्मचारियों ने जुगाड़ लगाने के साथ सिफारिशें भी लगवाई हैं। इन सिफारिशों में कोई राजनीतिक दलों के कुछ वर्तमान, तो कुछ पूर्व जनप्रतिनिधियों का, कोई आला अधिकारियों के नाम की सिफारिश लेकर पहुंच रहे हैं। जिला पंचायत कार्यालय से जिन कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी की लिस्ट से नाम हटाने के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, उनमें जरूरतमंदों के अलावा कई कर्मचारी सिफारिश वाले भी हैं। हालांकि अधिकारियों द्वारा यही कहा जा रहा है कि सिर्फ जरूरतमंद कर्मचारियों के नाम ही चुनाव ड्यूटी से हटाए गए हैं।

### सिफारिश वालों के कारण कई जरूरतमंदों की लगा दी गई डबल ड्यूटी

सिफारिश वाले कर्मचारियों के कारण कई जरूरतमंदों के नाम चुनाव ड्यूटी से हट नहीं पाए हैं। इसके कारण उनकी नगरीय निकाय एवं पंचायत दोनों चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई है। एक सहायक शिक्षिका अनुपमा लकड़ा अपने दो माह के बच्चे को लेकर जिला पंचायत कार्यालय पहुंची थी। अनुपमा ने बताया कि उसके पति बस्तर में रहते हैं। वह यहां अपने बच्चे के साथ अकेली रहती है। दो माह के बच्चे को लेकर उसका चुनाव ड्यूटी करना बहुत कठिन होगा।

### गंभीर बीमारी व अतिजरूरतमंदों के ही कटे नाम

चुनाव ड्यूटी से हर कोई बचना चाहता है। कर्मचारी थोक में आवेदन कर रहे हैं। अगर सभी के नाम हटा देंगे, तो चुनाव कैसे होगा, इसलिए अति आवश्यक होने या गंभीर बीमारी वाले कर्मचारियों के नाम ही ड्यूटी से पृथक किए गए हैं। चुनाव ड्यूटी की फाइनल लिस्ट जारी हो चुकी है, अब किसी भी कर्मचारी का नाम नहीं कटेगा।

- **विश्वदीप, सीईओ,** जिला पंचायत रायपुर

### सिफारिश का जोर, भाव भी उन्हीं कर्मचारियों को

*जिला पंचायत कार्यालय में चुनाव ड्यूटी से नाम हटाने के आवेदन लेने के लिए एक अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अधिकारी के पास हर रोज बड़ी संख्या में कर्मचारी नाम हटाने के लिए आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। कई कर्मचारी तो नाम हटाने के लिए अधिकारी के समक्ष गिड़गिड़ा भी रहे हैं, लेकिन उनकी एक सुनी नहीं जा रही है। भाव सिर्फ सिफारिश लेकर पहुंचने वाले कर्मचारियों को ही दिया जा रहा है।*

### साढ़े 6 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की लगी ड्यूटी, 10 प्रतिशत रिजर्व भी

*रायपुर जिले में नगरीय निकाय चुनाव के लिए 1290 मतदान केंद्र एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 1378 मतदान केंद्र होंगे। इनमें नगरीय निकाय चुनाव के लिए 1290 मतदान केंद्रों में साढ़े 6 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 1290 पीठासीन अधिकारी, 3870 मतदान दल कर्मचारी, 1290 सुरक्षा कर्मी एवं 136 सेक्टर अधिकारी शामिल है। इसके अलावा प्रशासन ने 10 प्रतिशत कर्मचारियों को रिजर्व रखा है, जिनमें 129 पीठासीन, 387 मतदान दल कर्मचारी, 129 सुरक्षा कर्मी एवं 14 सेक्टर अधिकारी शामिल है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।*

## विजय शंकर मिश्रा बोले

# कांग्रेस को फिर एक बार न्यायालय ने आईना दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के चुनाव आयोग संपर्क समिति के प्रदेश प्रभारी डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने धमतरी नगर निगम के कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा द्वारा अपना नामांकन रद्द किए जाने के निर्णय के खिलाफ दायर की गई याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने पर कहा, कांग्रेस को फिर एक बार न्यायालय ने आईना दिखाया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के नेता प्रदेश की भाजपा सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग व लोकतंत्र की हत्या जैसे प्रलाप करने से बाज आ जाएं, क्योंकि यह वही कांग्रेस है जिसने अतीत में न जाने कितनी बार लोकतंत्र की हत्या की है। डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा मिथ्या प्रलाप करके प्रदेश को बरगलाने की कोशिश की है, लेकिन हर बार उसे न्यायालय में जाकर मुंह की खानी पड़ी है। डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस जिस मुद्दे को लेकर भाजपा व प्रदेश सरकार के किलाफ अनर्गल प्रलाप करके अपनी हताशा और तिलमिलाहट को ढंकने में लगी थी, उस मुद्दे पर दायर याचिका को उच्च न्यायालय ने प्रचलन योग्य ही नहीं माना। कांग्रेस की यही नियति हो चली है कि वह हर मुद्दे पर झूठ फैलाकर अपने राजनीतिक वजूद को येन-केन-प्रकारेण बचाने की जद्दोजहद करे और न्यायालय में जाकर मुंह की खाए। डॉ. मिश्रा ने कहा, कायदे-कानून की दुहाई देने वाले भूपेश बघेल पहले यह तो बताएं कि प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के बाद भी उनकी मौजूदगी में बिलासपुर में कांग्रेस ने चुनाव प्रचार करने के लिए ट्रैक्टर रैली निकालकर क्या कायदे-कानून का सम्मान किया है।

### सेन समाज का परिचय सम्मेलन 10 फरवरी को

**रायपुर।** छग प्रदेश स्तरीय सेन समाज का परिचय सम्मेलन, सेन जयंती सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह संत सेन धाम रायपुर में 10 फरवरी को मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में अच्छे अंक पाने वाले विद्यार्थियों को समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए सेन धाम कोर कमेटी के सदस्यों सतीश सेन, राजू सेन, बल्लू भार्गव, विजय सेन, केशव सेन आदि पदाधिकारीगण को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# निकाय-पंचायत चुनावों में अवैध मदिरा और मादक पदार्थों पर सख्त कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- आबकारी थाना एवं जांच चौकियों में सतर्कता बढ़ाने विशेष अभियान चलाएं

आबकारी विभाग की सचिव सह आयुक्त आर. संगीता ने नवा रायपुर में गुरुवार को विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा एवं राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक के निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की और आगामी महीनों के लिए जिलेवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। आबकारी सचिव ने स्थानीय चुनावों के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से अंतर्राज्यीय सीमाओं पर स्थित आबकारी थाना एवं जांच चौकियों में सतर्कता बढ़ाने और विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। आबकारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री नहीं हो। उन्होंने ग्राहक सुविधा एवं शिकायत समाधान पर विशेष ध्यान देने के लिए मनपसंद मोबाइल ऐप और टोल-फ्री नंबर 14405 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। इस बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेजेस कॉरपोरेशन, उड़नदस्ता दल एवं विभिन्न जिलों के आबकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

### आबकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण एवं वित्तीय अनुशासन

आबकारी सचिव ने फील्ड में कार्यरत आबकारी आरक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने और इसके लिए जिला स्तर पर समन्वय कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, मदिरा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री न हो और मदिरा में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो, इसे कड़ाई से सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। सचिव ने कहा, मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान किया जाए तथा बिक्री से प्राप्त राशि को बैंक में नियमानुसार जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस कार्य में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित कैश कलेक्शन / बैंक एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बैठक में पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# चुनाव के लिए आज से गाड़ियों का अधिग्रहण, चार सौ से ज्यादा बसों एवं डेढ़ सौ चौपहिया वाहनों की पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए अब महज 5 दिन ही शेष हैं। 11 तारीख को नगरीय निकाय के लिए मतदान होंगे। इसके बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव होंगे। रायपुर जिले में नगरीय निकाय चुनाव के लिए गाड़ियों का अधिग्रहण 8 फरवरी से शुरू किए जाने की संभावना है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए इस बार 1290 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इन मतदान केंद्रों में चुनाव सामग्री के साथ मतदान दलों को भेजने और लाने के लिए इस बार अनुमानित 500 से 600 गाड़ियों की जरूरत पड़ सकती है। इनमें चार सौ से ज्यादा बसें और करीब डेढ़ सौ चारपहिया वाहन को अधिग्रहण किया जाएगा।

### स्कूल बसें भी की जाएंगी अधिग्रहित



मतदान दलों को चुनाव सामग्री वितरण केंद्र से मतदान केंद्रों में भेजने और लाने के लिए यात्री बसों के साथ स्कूल की बसों का भी अधिग्रहण किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार अधिग्रहित की जाने वाली जितनी यात्री बसें अधिग्रहित की जाएंगी, लगभग उतनी स्कूल बसें भी होंगी। हालांकि कुल कितनी बसें और चारपहिया वाहन अधिग्रहित किए जाएंगे, इसकी जानकारी दो दिन बाद ही दी जाएगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अधिग्रहित होंगी गाड़ियां

नगरीय निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भी गाड़ियों का अधिग्रहण किया जाएगा। सूत्रों की मानें, तो नगरीय निकाय चुनाव में जितनी बसों व चारपहिया गाड़ियों का अधिग्रहण किया जाएगा, उन सभी गाड़ियों का पंचायत चुनाव के दौरान भी अधिग्रहण किया जाएगा।

# पॉवर कंपनी की गारे पेलमा खदान को पांच पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को गारे पेलमा खदान के संचालन में सुरक्षा संबंधी मापदण्डों के पालन के लिए वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ महानिदेशालय खान सुरक्षा द्वारा पांच महत्वपूर्ण पुरस्कार दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने कहा, यह हमारी टीम की प्रतिबद्धता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विश्रामपुर में किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में गारे पेलमा सेक्टर तीन, कोयला खदान को विविध पुरस्कार प्राप्त हुए। ओवरऑल ग्रुप ई (उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन से 5 मिलियन टन तक) में प्रथम, इंजीनियरिंग एक्सेवेशन में प्रथम, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान में प्रथम, डस्ट सप्रेशन में द्वितीय, इल्यूमिनेशन (माइंस में लाइट की व्यवस्था) में द्वितीय, एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) में द्वितीय, गारे पेलमा सेक्टर तीन कोयला खदान द्वारा प्रदर्शित एक्सीबिशन एवं स्टॉल हेतु द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**2018 के पहले भी बड़े बिल्डरों को फायदा पहुंचाने बनाया था नियम : सुशील**

# गरीबों का सपना तोड़ने 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री बंद करने जा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




कांग्रेस ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों के मकान का सपना तोड़ने 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री बंद करने की तैयारी में है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार बड़े बिल्डरों को फायदा पहुंचाने गरीबों के मकान बनाने पर रोक लगाने जा रही है।

गरीब आदमी 400, 500, 1000 वर्गफीट का प्लाट लेकर अपने घर के सपने को पूरा करता है। भाजपा सरकार से गरीब का घर का सपना भी बर्दाश्त नहीं हो रहा है। निगम एवं पंचायत चुनाव के बाद साय सरकार ने तैयारी कर ली है कि पूरे प्रदेश में छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री रोक दी जायेगी। यह नियम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की गरीब जनता को परेशान करने के लिए बनाया जा रहा है। नियम बनने के बाद किसी के पास 2000 वर्गफीट का प्लाट है, तो वह अपनी जरूरत शादी, इलाज आदि के खर्च के लिये आधी जमीन नहीं बेच पायेगा। भाजपा की नीति पूंजीपतियों को बढ़ावा देने और गरीबों को परेशान करने वाली है। उन्होंने कहा, साय सरकार गरीबों को घर, जमीन खरीदने से रोकना चाह रही। जनता इस अन्याय का बदला निकाय चुनाव में लेगी।

### पांच साल गाइडलाइन दरें नहीं बढ़ी थीं

कांग्रेस सरकार ने गाइडलाइन की दरों में 30 प्रतिशत की छूट दी थी। पांच साल तक कांग्रेस सरकार ने गाइडलाइन की दरों में एक रुपए की बढ़ोतरी भी नहीं की थी, जिसके कारण आम आदमी गरीब और मध्य वर्ग को मकान, दुकान, खेत खरीदने में सहूलियत हुई तथा गाइड लाइन की दरें कम होने से अन्य टैक्सों में भी राहत मिली। गाइड लाइन की दर 30 प्रतिशत कम होने से राज्य के राजस्व में भी बढ़ोतरी हुई थी। कृषि के बाद रियल एस्टेट ही ऐसा क्षेत्र है, जहां सबसे ज्यादा रोजगार मिलता है, इस छूट से राज्य के रियल एस्टेट क्षेत्र में जबरदस्त उछाल आया था। उन्होंने कहा, जब भी भाजपा की सरकार आती है, वह गरीबों को, छोटे व्यापारियों को परेशान करने वाली नीति बनाती है।

# सवन्नी बोले- कांग्रेस के कारण 78 नगरीय निकाय अनुदान के लिए अपात्र हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने 78 नगरीय निकायों के अपात्र होने को कांग्रेस की अक्षमता का एक और बड़ा नमूना बताया है। श्री सवन्नी ने कहा, कांग्रेस की कारगुजारियों के कारण प्रदेश के रायपुर, दुर्ग सहित 78 नगरीय निकाय अनुदान के लिए अपात्र घोषित हो गए हैं। ऐसा निकम्मापन और भ्रष्टाचार कांग्रेस की पहचान बन गई है। श्री सवन्नी ने कहा, सवा साल पहले तक प्रदेश और महीने भर पहले तक निकायों में सत्ता संभालने वाली कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों को निकायों के विकास से कोई लेना देना नहीं था। पिछले निकाय चुनाव में संविधान की हत्या करते हुए कानूनों को तोड़ मरोड़ कर सभी निगमों में बेजा कब्जा कर लिया और फिर उसे दिवालिया जैसी स्थिति में पहुंचा दिया। कांग्रेस कभी भी विकास को लेकर जरा भी संजीदा नहीं होती, उसे बस लूट मचाना होता है। श्री सवन्नी ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत अनुदान प्राप्त करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन निकायों को करना अनिवार्य है। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो निकाय शर्तों का पालन करेंगे, वही अनुदान के लिए पात्र होंगे और बाकी निकाय अपात्र माने जाएंगे। अनुदान के लिए तय शर्तों की पूरी तरह अनदेखी करते हुए निकायों पर काबिज कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने निगमों को रसातल में पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी कांग्रेस को पूरे प्रदेश के निकायों से जनता को दूर रखना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बार एवं रॉड मिल का नया रिकॉर्ड

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की महत्वपूर्ण उत्पादन इकाई बार एवं राड मिल ने प्रथम पाली में 20 एमएम टीएमटी बार में 1474 टन (630 बिलेट) का उत्पादन कर अब तक का अपना नया रिकॉर्ड बनाया। रात्रि पाली में इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए पाली प्रबंधक शिव कुमार और नवदीप झा के नेतृत्व में 20 एमएम टीएमटी बार में 1514 टन (735 बिलेट) का उत्पादन कर "सर्वश्रेष्ठ पाली उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इसी दिन द्वितीय पाली में पाली प्रबंधक परिमल और नारायण ने प्लांड जॉब करने के साथ ही 1273 टन रोलिंग कर उत्पादन की गतिशीलता को संबल प्रदान क कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने शॉप फ्लोर पर पहुँचकर कार्मिकों की हौसलाआफजाई की दी।

### जस गीत गायन व झांकी स्पर्धा आज से

**ननकट्ठी।** बाजार चौक ननकटठी में बाल युवा गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 8 व 9 फरवरी 2025 को दो दिवसीय देवी जस गीत गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें झांकी में प्रथम 15001 रूपये, द्वितीय 10001 रूपये, तृतीय 70001 रूपये, चतुर्थ 5001 रूपये, पंचम 3001 रूपये, षष्टम 2001 रूपये, सप्तम 1501 रूपये व अष्टम पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। महिला वर्ग/ पुरूष वर्ग गायन में क्रमशः प्रथम 5001 रूपये, द्वितीय 3501 रूपये, तृतीय 2501 रूपये, चतुर्थ 1501 रूपये, पंचम 1001 रूपये, षष्टम 751 रूपये व सप्तम पुरस्कार 601 रूपये रखा गया है। विशेष पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ दुर्गा, सर्वश्रेष्ठ संगीत, सर्वश्रेष्ठ गायन, ढोलक वादक, रचनाकार, अनुशासन में 401 रूपये रखा गया है। इस आयोजन समिति के अध्यक्ष मिनेश यादव, ऋषि यादव, उपाध्यक्ष हर्षु निषाद, डेविड धीवर, मिथुन निषाद, संरक्षक भूपेन्द्र ढीमर, रवि साहू, संयोजक ईश्वर निर्मलकर, कोमल ढीमर व अन्य सदस्य गण है।

### सियान सदन में आध्यात्मिक संध्या

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सारदा रामकृष्ण संघ और सरस संगठन के सहयोग से सियान सदन में आध्यात्मिक संध्या का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण और श्री रामकृष्ण परमहंस, मां सारदा एवं स्वामी विवेकानंद को समर्पित प्रार्थनाओं के बाद भजन संध्या हुई। झरना कवर, चैताली दत्ता, पॉली सरकार, विनोद पाहाड़े और देवाशीष विश्वास ने मधुर भक्तिगीत प्रस्तुत किए। सियान सदन के निवासी बरुई द्वारा तबला वादन से कार्यक्रम को संगीतमय बनाया गया।

संघमित्रा टोकदार ने अपने स्वागत भाषण दिया। अनुभवों व योगदान को सम्मानित किया। कार्यक्रम मे 30 वरिष्ठ नागरिकों और सरस संगठन के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर उप प्रबंधक कमल कान्त वर्मा सहित आशुतोष सोनी, छत्रपाल देशलहरा तथा सीएसआर विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रोपेन प्लांट-1 में हुआ माकड्रिल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात सयंत्र के प्रोपेन प्लांट विभाग में 1फरवरी, को आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने मांकड्रील का आयोजन किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य किसी भी संभावित आपदा की स्थिति में संयंत्र की तैयारियों का जायजा लेना था।

# दो बार जांची जाएंगी पांचवी-आठवीं की उत्तरपुस्तिकाएं, चपड़ा खरीदने प्रति छात्र मिलेंगे 2 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

जिलों में पांचवी-आठवीं की परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ हो गई है। पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से तथा आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ हो रही है। दोनों ही कक्षाओं की 5 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाएं दो बार जांची जाएंगी। प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र में मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों के अलावा एक हेड मूल्यांकनकर्ता भी नियुक्त किए जाएंगे। मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा जांची गई उत्तरपुस्तिकाओं की 5 प्रतिशत कॉपियां हेड मूल्यांकनकर्ता द्वारा पुनः जांची जाएगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि मूल्यांकन की विश्वसनीयता बनी रही।

हेड मूल्यांकनकर्ता को प्रतिदिन 100 रुपए की दर से भुगतान किया जाएगा, जबकि मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष को प्रतिदिन 150 रुपए का भुगतान करने प्रावधान रखा गया है। मूल्यांकनकर्ताओं को पांचवी की उत्तरपुस्तिका जांचने प्रति कॉपी 2 रुपए प्रदान किए जाएंगे, वहीं आठवीं की उत्तरपुस्तिका जांचने प्रति कॉपी 3 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। मूल्यांकनकर्ता एक दिन में अधिकतम 40 कॉपियां जांच सकते हैं। इस तरह से पांचवीं कक्षा की कॉपियां जांचने पर प्रतिदिन अधिकतम 80 रुपए तथा आठवीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने अधिकतम 120 रुपए प्रदान किए जा सकेंगे।

## मूल्यांकनकर्ता द्वारा जांची गई 5 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन करेंगे हेड मूल्यांकनकर्ता

### मूल्यांकन केंद्र व्यय भी निर्धारित

मूल्यांकनकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली राशि के साथ ही मूल्यांकन केंद्र व्यय का भी निर्धारण कर दिया गया है। पांचवी कक्षा में इसके लिए 2 रुपए प्रति छात्र तथा आठवीं कक्षा में इसके लिए प्रति छात्र 3 रुपए की राशि मिलेगी। इससे ही स्टेशनरी सहित पेपर के बंडल बांधने और पैकेट सील करने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुतली, चपड़ा, मोमबत्ती, ब्राउन पेपर सहित अन्य चीजों की खरीदी करनी होगी। छात्र संख्या के अनुसार ही मूल्यांकन केंद्र व्यय दिया जाएगा।




### जिला स्तरीय समिति करेगी केंद्र निर्धारण

दसवीं और बारहवीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए केंद्रों का निर्धारण माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा राज्य स्तर पर किया जाता है, लेकिन पांचवी-आठवीं की परीक्षा में यह व्यवस्था नहीं रहेगी। 5वीं-8वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा केंद्र निर्धारण किया जाएगा। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त सूची के आधार पर जिला समिति द्वारा की जाएगी। इनका निर्धारण फिलहाल नहीं किया जा सका है। जिला स्तरीय समिति बनाए जाने के बाद ही इनका निर्धारण हो सकेगा।

### जोरा, गोगांव, ब्रम्हपुरी, पुरानी बस्ती सहित शहर के अन्य हिस्सों से गांधी सदन पहुंच रहे भुक्तभोगी

# पेंशन के लिए भटक रहे निराश्रित पेंशनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम सीमा क्षेत्र के निराश्रित पेंशन वालों को 500 रुपये की पेंशन के लिए आधार कार्ड और एटीएम लेकर समता कालोनी स्थित बैंक कार्यालय और निगम मुख्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। गुरुवार को गांधी सदन के पेंशन विभाग कक्ष में जोरा, गोगांव, ब्रम्हपुरी, पुरानी बस्ती सहित शहर के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे बुजुर्ग व दिव्यांग लंबित पेंशन मिलने की आस में पहुंचे। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संबंधित बैंक के कर्मचारी आने का उन्होंने इंतजार किया, पर दो घंटे के इंतजार के बाद भी दोपहर तक कर्मचारी नहीं पहुंचे थे। एटीएम व आधार कार्ड में नाम व सरनेम मेल नहीं होने के कारण निराश्रित पेंशनरों को 4 माह से लेकर 1 साल तक की पेंशन नहीं मिल पा रही है।

दरअसल, निरारित पेंशन वितरण में देरी होने से गरीब व निराश्रित पेंशनर के सामने आजीविका चलाने का संकट उठ खड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक बैंक की लापरवाही से निराश्रित पेंशनरों के एटीएम कार्ड में गलत नाम व सरनेम प्रिंट होने का खामियाजा पेंशनरों को भुगतना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक निगम सीमा क्षेत्र में 30 हजार पेंशनर हैं। इनमें से 3 हजार पेंशनर्स के खाते में केवायसी के कारण लेनदेन नहीं हो रहा है।



**केस 1**

#### 7 माह का पैसा नहीं मिला



गंगाबाई, निवासी सतनामी पारा जोरा ने बताया, निराश्रित पेंशन का 7 माह का पैसा नहीं मिला है। समता कालोनी स्थित बैंक वालों के पास चार बार चक्कर लगा चुकी हूं। वहां से वे निगम मुख्यालय भेज देते हैं। जोरा से यहां तक आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। आधार कार्ड और एटीएम को लेकर निगम में आई हूं, यहां भी कोई सुनने को तैयार नही है। बता रहे कि बैंक एटीएम में गंगाबाई लिखा है, आधार कार्ड में गंगाबाई सोनकर। इसमें हमारी क्या गलती? फोटो और नाम तो वही है, यदि कोई त्रुटि है तो सुधार कर पेंशन दे देना चाहिये।

**केस 2**

#### एटीएम में पैसा बता रहे पर निकल नहीं रहा

बंशी यादव, ज्योतिनगर कोटा ने बताया, 500 रुपया महीने में निराश्रित पेंशन मिलत्री है, 8 माह से पैसा नहीं मिला। निगम आकर पूछा तो बताया कि एटीएम में पैसा बता रहा है, पर खाते से पैसा निकल नहीं रहा। कोटा से आटो किराया कर यहां आया हूं, 2 घंटे से बैंक वालों का इंतजार कर रहे हैं, नहीं आये। बुधवार को भी निगम में आया था, मायूस होकर लौटा।

**केस 3**

#### 7 माह की पेंशन नहीं मिली



पुरानी बस्ती निवासी बुजुर्ग मेहतरू यादव ने बताया कि उन्हें हर महीने गोवर्धन चौक में निराश्रित पेंशन बैंक वाले आकर शिविर में देते थे, पर 7 माह से पेंशन ही नहीं मिली। अब निगम मुख्यालय के पेंशन शाखा में पता करने आया हूं, नाम की स्पेलिंग में करेक्शन के लिए कह रहे हैं। अब तक नहीं हुआ। पेंशन नहीं मिलने से बहुत परेशान हूं, पता नहीं कब परेशानी दूर होगी।

**केस 4**

#### सरनेम नहीं होने से दिक्कत



सूर्यनगर गोगांव के हरिराम साहू के बैंक खाते में पैसा नहीं है, करके लौटाया जा रहा है। उनका कहना है कि आधार कार्ड में उनका पूरा नाम हरिराम साहू अंकित है। बैंक वालों ने एटीएम में हरिराम अंकित किया है, इसलिए सरनेम अंकित नहीं होने की वजह बताकर पेंशन नहीं दे रहे।

#### अधिकारी ने ये कहा

*13 से 15 फरवरी तक जोनवार शिविर लगेगा- योजना की प्रभारी अधिकारी उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने कहा है कि निराश्रित पेंशनरों लंबित पेंशन संबंधी समस्या के निराकरण करने 13, 14 और 15 फरवरी को जोनवार शिविर लगाया जायेगा, ताकि पेंशनरों को किसी तरह की परेशानी न हो। एटीएम में गलत नाम व सरनेम प्रिंट होने की शिकायत भी दुरुस्त कराई जायेगी। विदित हो कि निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आईडीबीआई बैंक प्रबंधन को पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि आचार संहिता हटने के बाद निगम के सभी जोन कमिश्नरी में पेंशनर्स की सूची लेकर प्रबंधन को निगम के साथ मिलकर सभी प्रकरण निबटाने होंगे।*

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र



हरिभूम न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगरीय निकाय चुनाव के तहत डौण्डीलोहारा नगर के लिए कांग्रेस पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया। घोषणा पत्र में 23 बिंदुओं में नगर के विकास, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन खेल आदि बिंदुओं में सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए सभी वर्गों के हितों को प्राथमिकता दिए जाने का दावा किया गया है।

पूर्व कैबिनट मंत्री महिला बाल विकास विभाग एवं वर्तमान विधायक अनिला भेडिया ने नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनिल लोढा की ओर से संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि नगर के विकास एवं सभी वर्गों के हितों के संरक्षण के लिए कांग्रेस पार्टी संकल्प बद्ध है।



नगर पंचायत साजा
बाबा रामदेव वार्ड, वार्ड क्र.-8 से
पार्षद पद के लिए राजू शर्मा को
कमल छाप पर
बटन दबाकर
भारी मतों से विजयी बनावें।
मतदान तिथि- 11-02-2025,
दिन-मंगलवार
समय- सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
विनीत- समस्त मतदातागण, बाबा रामदेव वार्ड क्रमांक- 08, नगर पंचायत साजा

# बीएसपी में सुरक्षा खामियों का जल्द हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- 31 जनवरी की दुर्घटना के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

भिलाई इस्पात संयंत्र की संयुक्त ट्रेड यूनियन ने डिप्टी डायरेक्टर इंडस्ट्रियल हेल्थ एंड सेफ्टी आशुतोष पांडेय से मुलाकात कर 31 जनवरी 2025 को मर्चेंट मिल में हुई दुर्घटना एवं उसकी खामियों पर चर्चा की। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ एंड सेफ्टी ने उनकी तरफ से सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी।

संयुक्त यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ एंड सेफ्टी आशुतोष पांडे से कहा कि 31 जनवरी को मर्चेंट मिल में दुर्घटना हुई, जिसमें ठेका श्रमिक ओमप्रकाश की जान चली गई। उसमें प्रबंधन की तरफ से गंभीर लापरवाही की गई। यूनियन ने कहा कि प्रबंधन सिर्फ अधिक से अधिक उत्पादन करने पर ही जोर दे रहा है और इसकी मुख्य वजह पिछले दो-तीन वर्षों से ईडी वर्क्स अंजनी कुमार द्वारा मुख्य महाप्रबंधकों पर लगातार दबाव देकर उत्पादन एवं डिस्पैच कराना है। पिछले दो-तीन वर्षों में संयंत्र में कई बड़ी दुर्घटनाएं हुई इसका मुख्य कारण नियमित कर्मचारियों के काम को ठेका श्रमिकों से कराया जाता रहा। ईडी वर्क्स अंजनी कुमार अधिकारियों के साथ इतने अपमानजनक तरीके से पेश आते थे औरदबाव बनाते थे कि अधिकारी सुरक्षा मानकों की अवहेलना करते हुए उत्पादन कर रहे थे। नियमित कर्मचारियों का काम भी ठेका श्रमिकों से कराया जा रहा था। 31 जनवरी को मर्चेंट मिल में हुई दुर्घटना में क्रेन ऑपरेटर भी ठेका श्रमिक ही था. जिसे कुछ दिन पहले ही काम पर रखा गया था।संयुक्त यूनियन ने इस दुर्घटना के लिए पिछले दो-तीन वर्षों से की जा रही लापरवाही को मुख्य वजह बताया और इसकी निष्पक्ष जांच करते हुए तत्कालीन ईडी अंजनी कुमार को भी जांच के दायरे में लेकर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

# भागवत कथा में रमे धर्म प्रेमी

**बालोद।** ग्राम भेड़ी में सिन्हा परिवार के द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथावाचक डॉ दिग्विजय शर्मा ने धर्मानुरागियों की उपस्थिती में कथा की। कथावाचक आचार्य डॉ दिग्विजय शर्मा ने कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र और सृष्टि की रचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन आदमी को बार–बार नहीं मिलता है, इसलिए इस कलयुग में दया धर्म और भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। कथावाचक आचार्य डॉ दिग्विजय शर्मा ने मनुष्य जीवन का महत्व समझाते हुए कहा कि भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि, भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रुप में लिया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### जूनियर सचिन व पुष्पा आज नगर में

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए जूनियर सचिन व जूनियर पुष्पा का आज शनिवार को नगर आगमन हो रहा है। वे दोनों आर्टिस्ट सुबह 10 बजे पहुंच कर स्थानीय मां काली मंदिर से नगर में भव्य रोड शो करेंगे।

### पुलिस कर्मियों से अभद्रता, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** मडई मेला कार्यक्रम में पुलिस सुरक्षा में तैनात कर्मियों के साथ अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 121, 221, 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि उतई स्थित ग्राम परसाही में मेला मड़ई कार्यक्रम चल रहा था। जहां पुलिस बल कानून, शांति व्यवस्था के लिए लगाया गया था। कार्यक्रम में संजय ठाकुर और जोहन ठाकुर मड़ई में राउत नाचा निकलने के दौरान उपद्रव करने लगे। राउतनाचा वालों को और खिलौना दुकान वालो के साथ गाली गलौच मारपीट पर आमदा हो गए थे। जिसे देख पुलिस बल दोनों पक्षों को समझाया। जिससे उपद्रवी संजय ठाकुर और जोहन ठाकुर उर्फ जितेन्द्र अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। कार्रवाई में उतई प्रभारी विपिन रंगारी और उनकी टीम का योगदान रहा है।

### जबलपुर-रायपुर के बीच जल्द दौड़ेगी वन्देभारत

**भिलाई।** रेलवे जबलपुर और रायपुर के बीच जल्द ही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत करने वाली है। दोनों शहरों के बीच की दूरी लगभग 410 किलोमीटर होगी। जिसे वंदे भारत ट्रेन सात घंटे में तय करेगी। जिससे यात्रा और अधिक सुविधाजनक के साथ समय की बचत होगी। पश्चिमी मध्य रेलवे ने ट्रेन का प्रस्तावित टाइम टेबल रेलवे बोर्ड को भेजा है। वंद भारत एक्सप्रेस जबलपुर से रायपुर के बीच गोंदिया होकर चलेगी। यह ट्रेन नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग और रायपुर तक के यात्रियों के लिए फायदेमंद साबित होगी। प्रस्तावित टाइम टेबल के अनुसार, ट्रेन सुबह 5 बजे जबलपुर से रवाना होकर 12 बजे रायपुर पहुंचेगी।

### फार्म हाउस और फैक्ट्री से चोरी, जांच शुरु

**भिलाई।** फैक्ट्री और निर्माणाधीन फार्म हाउस से अज्ञात ने रखे सामानों को पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी अनिकेत सिंह का इंडस्ट्रीयल एरिया में न्यू कैपिटल इंटरप्राइजेस के नाम से प्लांट है जहां स्पेयर पार्टस बनता है। 4 फरवरी की शाम 7 बजे फैक्ट्री बंद कर घर अपने घर चला गया। सुबह 5 बजे फैक्ट्री आया तब सुरक्षा गार्ड ने बताया कि वेल्डिंग मशीन का कॉपर केबल कटा है। 2 वेल्डिंग मशीन का कॉपर वायर करीब 10 मीटर, दो मोबाइल सेट गायब मिला। वहीं दूसरी चोरी आमदी नगर हुडको निवासी राबिया ने ने पुलिस में शिकायत किया है कि उनका ग्राम कुरुद में 2 एकड़ का फार्म हाउस में भी चोरी की वारदात हुई है।

# अकोली, सेमरिया, पौंसरी भीखमपुर, चमारी में जल वाहिनी और आंबा केंद्रों में जल गुणवत्ता का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में जल गुणवत्ता की जांच, सेनेटरी सर्वे, टंकियों की सफाई एवं हैंडपंप संधारण के लिए 1 फरवरी से 28 फरवरी तक एक माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत 6 फरवरीको बेमेतरा जिले के विकासखंड नवागढ़ के अकोली, सेमरिया, पौंसरी, भीखमपुर, एवं चमारी में जलवाहिनी एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में जल गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से गाँव के विभिन्न जल स्त्रोतों से पानी के सैंपल लेकर उनकी जाँच की गई। जिसमें जल के मानकों की जांच और शुद्धता परखने की प्रक्रिया शामिल रही।

इसके साथ ही जल गुणवत्ता प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली पोर्टल पर जल की गुणवत्ता के परिणामों की ऑनलाइन प्रविष्टि का भी प्रशिक्षण ग्रामीणों और संबंधित अधिकारियों को दिया गया। यह ऑनलाइन एंट्री प्रक्रिया जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी और उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने में सहायक होगी।

### जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक माह का चल रहा विशेष अभियान



#### सबकी सक्रिय सहभागिता हो

जल जीवन मिशन के तहत चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में ग्रामीणों को स्वच्छ जल की महत्ता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें जल स्त्रोतों की देखरेख और रखरखाव के विषय में भी जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के स्तर को सुधारने और सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रहेंगे। अभियान के दौरान संबंधित अधिकारी, जल जीवन मिशन की टीम और ग्रामीण समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जिससे गाँवों में जल स्त्रोतों की स्वच्छता और सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके ।

**बैठक : कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक**

# पीएससी परीक्षा को सुचारु और निष्पक्ष रूप से कराएं संपन्नः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने 9 फरवरी को आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग याने पीएससी परीक्षा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने परीक्षा को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्रों को लाने और ले जाने की प्रक्रिया में पूरी सावधानी बरती जाए, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही न हो। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता की संभावना को पूरी तरह से रोकने के लिए सुरक्षा उपाय कड़े किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि परीक्षा के दौरान निष्पक्षता बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। प्रश्न पत्रों के वितरण और परीक्षा प्रक्रिया की गोपनीयता को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। श्री शर्मा ने परीक्षा केंद्रों पर समय पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसमें परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, पानी, बिजली, और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश शामिल थे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि परीक्षा से जुड़े सभी कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जाए और समयबद्ध तरीके से सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को परेशानी न हो, इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाए।




#### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 2149 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन 9 फरवरी को होगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी, प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक होगी। बेमेतरा जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 2149 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। जिले 5 केन्द्र शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान पी.जी. कॉलेज, बेमेतरा, शासकीय लक्ष्मण प्रसाद बैध गर्ल्स कॉलेज बेमेतरा, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल, बेमेतरा, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा में परीक्षा होगी। कलेक्टर ने परीक्षा की समुचित निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु डॉ. दीप्ती वर्मा, संयुक्त कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दिन सामग्री को सुरक्षित रूप से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए दो उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे परीक्षा केंद्र पर अपने प्रवेश पत्र और एक मूल फोटो पहचान पत्र के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटे पूर्व उपस्थित हों। पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड या आयोग द्वारा स्वीकृत अन्य पहचान पत्र मान्य होंगे। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

#### पुलिस के साथ प्रशासनिक टीम रहे सजग

परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस बल के साथ-साथ प्रशासनिक टीम को भी सजग रहने के निर्देश दिए गए हैं। पीएससी परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्टर ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सतर्क रहने की सलाह दी और परीक्षा के दिन विशेष सतर्कता बनाए रखने की अपील की। सभी अधिकारियों ने कलेक्टर के निर्देशों के अनुसार तैयारी करने का आश्वासन दिया और परीक्षा के दौरान पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# कैंसर है जानलेवा जागरुकता जरुरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- विश्व कैंसर दिवस पर बचाव एवं उपचार की दी जानकारी

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल की एमसीएच बिल्डिंग में जागरूकता अभियान और सेमिनार का आयोजन किया गया। विश्व कैंसर दिवस पर इस वर्ष का थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, इस मौके पर महिलाओं में बच्चेदानी का कैंसर, स्तन कैंसर और पुरुषों में बहुतायत रूप से मुख कैंसर रोग के प्रति जागरूकता, बचाव एवं इसके उपचार की जानकारी जनसामान्य को दी गई।

यह अभियान लीनेस क्लब की प्रेरणा और चेयरपर्सन मेडिकल कैंप डॉ नेहा वर्मा के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें जिला अस्पताल के डॉ बोधेश्वर वर्मा, डॉ अमिताभ साहू, डॉ कोसरिया, डॉ स्वाति यदु और डॉ योगिता साहू ने भाग लिया। डॉ कोसरिया ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी महिलाओं को एचपीवी जांच करना चाहिए।

यह एक सामान्य जांच है। इस जांच से ही महिलाओं में कैंसर का पता चलता है। इसकी जानकारी सही समय पर होने से इलाज संभव है। वहीं डॉ अमिताभ साहू ने मुख कैंसर के बारे में बताया कि लोगों को शराब, धूम्रपान, तंबाखू आदि के बचना चाहिए। मुंह में लाल या सफेद धब्बे होना, मुंह के अंदर अल्सर होना और उसका ठीक न होना ये कैंसर के लक्षण हो सकते है, इनका इलाज मुश्किल है, मुंह के कैंसर में जागरूकता ही बचाव है।

डॉ बोधेश्वर वर्मा ने महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने शरीर में स्तन की जांच स्वयं कर सकती है। वे देखें की स्तन को छूने पर कहीं गठान तो नहीं है, ऐसा होने पर जांच कराने की जरूरत है। वहीं डॉ स्वाति यदु ने वर्तमान समय में हमारे खान पान, रहन सहन में बदलती आदतों को कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक बताया।

इसी तरह प्लास्टिक के बर्तन, खाने के तेल को बार बार गर्म करना, एक्सरसाइज नहीं करना आदि शामिल है। सेमिनार के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए परिपत्र बांटा गया।

सात ही मरीजों की जांच भी कराई गई। कार्यकम में बड़ी संख्या में मरीजों परिजन, क्षेत्रवासी और अस्पताल के स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष शशि तिवारी, रश्मि ताम्रकार, संतोषी तिवारी, मंजू शर्मा, नीलम साहू, आरती साहू, वर्षा गौतम और नेहा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# न्योता भोज में बच्चों को बांटी मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा के बच्चों को प्राथमिक शाला में कार्यरत सहायक शिक्षक दिलीप कुमार पटेल ने अपने जन्म दिवस पर न्योता भोजन करवाया। हर साल दिलीप बच्चों को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान्न वितरित करते हैं। बता दें की शिक्षक दिलीप ने प्राथमिक शाला के किनारे-किनारे वर्ष 2012 आज तक करीब 50 पेड़ लगाए गए हैं। इनमें से कई आज विशाल वृक्ष बन चुके है।

नेवता भोजन में बीजा संकुल के शिक्षक और सभी स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने दिलीप कुमार पटेल को जन्म दिवस की अशेष शुभकामनाएं दी। वहीं शिक्षक की इस अनोखी पहल से ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

# बरगा में सतनाम संकीर्तन के साथ निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

बरगा में आयोजित 3 दिवसीय ग्रंथ आयोजन के अंतिम दिन शुक्रवार को आध्यात्मिक श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत शोभायात्रा निकाली गई। चौका आरती के बाद सतनाम संकीर्तन और कबीर भजनों के मधुर स्वरों के बीच गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बालिकाओं और महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा की। इस आयोजन में गांव के कबीरपंथी श्रद्धालु और अन्य भक्तगण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। ग्रामवासियों ने इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से संकीर्तन का आनंद लिया और आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर आयोजक परिवार लालाराम साहू, सुकदेव साहू, अशोक साहू, रामदयाल निर्मलकर, कुलेश्वर साहू, गुहाराम साहू, पुर्रूराम, छबी साहू, डीकेश साहू, सहित समस्त कबीरपंथीजन उपस्थित रहे।

### स्वस्थ व दीर्घायु जीवन के लिए योगाभ्यास जरुरी

**डौंडीलोहारा।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम बिजोरा (डौंडीलोहारा) में मंडाई मेला के पावन अवसर पर 3 से 7 फरवरी तक निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया।







# चुनावी सभा में भाजपा पर तीखा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला मुख्यालय की नगर पालिका के विभिन्न वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सभा ली। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कार्यकाल में बेमेतरा नगर के प्रत्येक वार्ड के कोने कोने में विकास के कार्य किए गए।

वहीं शहर में विभिन्न चौक चौराहों का निर्माण और आत्मानंद विद्यालय की स्थापना भी की गई, जिससे हर वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार में यह सभी विकास कार्य हुए तथा भाजपा की सरकार आने के बाद से नगर के वार्डों में पेयजल, बिजली, नाली की साफ सफाई ना होने से लोग एक साल में ही भाजपा शासन से त्रस्त हैं, लोगों की एकमात्र आशा कांग्रेस से ही रह गई है, ऐसे में हम सब का दायित्व है कि लोगों के काम आएं। नगर विकास पिछले एक सावाल से बहुत पीछे हो चुका है इसने नगरी निकायों से आय के समस्त साधन छीन लिए हैं। भाजपा नगर विकास के नाम पर जनता को लूट रही है, जिसके चलते आम जनता कांग्रेस की ओर देख रही है और कांग्रेस को विजय बनाने प्रतिबद्ध हैं। इस सभा के दौरान कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी सुमन गोस्वामी, अवनीश राघव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, प्रणीश चौबे, शत्रुघ्न साहू, ललित विश्वकर्मा, सहित कांग्रेस अधिकृत पार्षद प्रत्याशी, वरिष्ठ कांग्रेसी, युवा कांग्रेस एवं ब्लॉक संगठन कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।